

चीता दुनिया का सबसे तेज़ ज़मीनी जानवर है, जो 112 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से दौड़ सकता है।



दुनिया में पक्षियों की 9,500 से ज़्यादा प्रजातियां हैं। दुनिया का एकमात्र पंखहीन पक्षी कीवी है।

# हिंदी भाषा पसंद है तो इन क्षेत्रों में बनाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में हिन्दी सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। यह भारत की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है और राज्य भाषा का अधिकार रखती है। संसदीय कार्य से लेकर न्यायिक और सरकारी संस्थानों में इसे ऑफिशियल कम्युनिकेशन की तरह उपयोग किया जाता है। हिंदी विश्व स्तर पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जिसमें लगभग 425 मिलियन लोग इसे अपनी पहली भाषा के रूप में पहचानते हैं और अतिरिक्त 120 मिलियन लोग हिंदी को दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। हिंदी के क्षेत्र में कई बेहतरीन करियर ऑप्शन मौजूद हैं। इस फील्ड में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है।

## ये करियर ऑप्शन

### राजभाषा ऑफिसर

ये राष्ट्रीयकृत बैंकिंग संस्थानों में राजभाषा ऑफिसर के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नियुक्ति बैंक की सभी शाखाओं में होती है। इनकी प्राथमिक भूमिका ग्राहकों की मदद करने के अलावा रोज के कामों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना है। वे विभिन्न आधिकारिक दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद भी करते हैं।

### जर्नलिज्म

अगर आप ने हिंदी भाषा में जर्नलिज्म का कोर्स किया है तो आप पत्रकारिता के क्षेत्र में एंकर, न्यूज एडिटर, न्यूज राइटर और रिपोर्टर आदि जैसे कई जॉब प्रोफाइल पर रहकर अच्छी सैलरी हासिल कर सकते हैं। यहां पर आपको न्यूजपेपर, रेडियो चैनलों, समाचार चैनलों, पत्रिकाओं और डिजिटल समाचार मीडिया जैसे कई करियर ऑप्शन मिल जाएंगे।

### कंटेंट राइटर/एडिटर

आज के समय में कंटेंट राइटर या एडिटर की जॉब को बेहतर विकल्प माना जाता है। इनका काम ब्लॉग लिखना, मार्केटिंग कॉपी, सोशल मीडिया कॉपी आदि लिखना व उसको एडिट करना होता है। हिंदी या मास कम्युनिकेशन में डिग्री होल्डर्स आसानी से हिंदी कंटेंट राइटर/एडिटर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। कंटेंट राइटर और एडिटर्स पब्लिकेशन हाउस और मीडिया हाउस व एड एजेंसी में काम कर सकते हैं।

## यहां मिलेगा मौका

### ट्रांसलेटर

आज जिस तरह से पूरा विश्व का एकीकरण हो रहा है उसमें हिंदी ट्रांसलेटर के लिए करियर के नए रास्ते खुल गए हैं। इस फील्ड में अब काम की कोई कमी नहीं है। हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर आप घर पर बैठकर भी काम कर सकते हैं। हालांकि एक बेहतरीन ट्रांसलेटर बनने के लिए आपकी हिंदी के साथ दूसरी भाषा पर भी अच्छी पकड़ होनी चाहिए। कई बड़ी कंपनियां भी अपने कंटेंट को हिंदी में मुहैया कराने के लिए ट्रांसलेटर को नियुक्त करती हैं।

### इंटरप्रिटेशन

इंटरप्रेटर का काम भी ट्रांसलेटर की तरह एक लैंग्वेज का दूसरे लैंग्वेज में अनुवाद करना होता है। हालांकि इंटरप्रेटर लिखकर नहीं बल्कि बोलकर यह काम करते है। एक इंटरप्रेटर उन शब्दों को ट्रांसलेट करता है, जो दूसरा व्यक्ति अलग भाषा में कहता है। आप इंटरप्रेटर के तौर पर राजनयिक मिशनों, संयुक्त राष्ट्र और विदेशी छात्रों के साथ काम कर सकते हैं।

### वॉयस ओवर आर्टिस्ट

एंटरटेनमेंट की दुनिया आज बहुत व्यापक हो गई है। हर माह कई विदेशी फिल्में व कार्टून भारत में लांच हो रही हैं। यदि आप में बोलने का स्किल और अच्छी आवाज है, तो आप वॉयस-ओवर को करियर ऑप्शन के रूप में अपना सकते हैं। वॉयस-ओवर कलाकारों की फिल्मों के अलावा रेडियो स्टेशनों, पॉडकास्ट, विज्ञापनों की डबिंग में काफी डिमांड रहती है।

### हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी स्टेनोग्राफर

हिंदी स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट की डिमांड कई दशकों से बनी हुई है। खास तौर पर सरकारी क्षेत्र में निकलने वाली जॉब में। हिंदी टाइपिंग और स्टेनोग्राफर का कोर्स कर आप अच्छी सैलरी के साथ सरकारी जॉब पा सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी आप अच्छी तनख्वाह पर नौकरी पा सकते हैं।

## स्पीच राइटर

अगर आप में लिखने की क्षमता है तो आप स्पीच राइटर बन सकते हैं। स्पीच लोगों को प्रभावित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। सम्मोहक स्पीच लिखने के लिए लैंग्वेज पर कंट्रोल की जरूरत होती है। अगर आपमें ये काबिलियत है तो आप किसी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़कर स्पीच राइटर बन सकते हैं। वहीं सरकारी क्षेत्र, विज्ञापन एजेंसियों, कॉर्पोरेट में काम भी इनके लिए दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

## नॉवलिस्ट/राइटर/ पोएट

अगर आप को नए तरीके से क्रिएटिव स्टोरी लिखना आता है तो आप हिंदी भाषा में नॉलेज हासिल करने के बाद पोएट/नॉवलिस्ट/राइटर बन सकते हैं। आज के समय में ऑडियोबुक, किंडल सपोर्टिड ई-बुक्स के राइज ने इस फील्ड में लोगों के करियर को एक नया आयाम दिया है।

### हिंदी टीचर

हिंदी टीचर की जॉब सदाबहार ऑप्शन है। टीचर बनना सभी को पसंद होता है। अरग आपकी हिंदी में अच्छी पकड़ है तो आप किसी भी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान में हिंदी टीचर के तौर पर जॉब कर सकते हैं।

## राइटिंग

हिन्दी में अच्छी पकड़ रखने वाले लोगों का फिल्म जगत और टेलीविजन के क्षेत्र में खासी डिमांड होती है। आज के समय में ओटीटी प्लेटफॉर्म के आने से इस क्षेत्र के करियर स्कोप बढ़ गया है। अगर आप हिन्दी में अच्छे हैं तो आप प्रॉडक्शन हाउस, मीडिया हाउस में स्क्रप्टि राइटिंग, डायलॉग्स या लिरिक्स भी लिख सकते हैं। लेकिन अगर आप स्क्रीन राइटर बनना चाहते हैं तो आपको बीए हिन्दी करने के बाद स्क्रीन राइटिंग कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होगी ताकि आपके भीतर लेखन की अच्छी समझ विकसित हो सके।

### अध्यापक

हिंदी को पूरा करने के बाद क्लासिक और लोकप्रिय करियर विकल्पों में से एक अध्यापक बनकर आने वाली पीढ़ियों को भाषा का ज्ञान और क्षमता प्रदान करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ भारत से बाहर के छात्रों को हिंदी सिखाने के अवसर भी हैं।

---

छात्र कर सकते हैं विभिन्न प्रकार के मेडिकल और चिकित्सा से संबंधित कोर्स

# बायोलॉजी से 12वीं करने के बाद छात्र को मिलते हैं कई ऑप्शन और करियर विकल्प

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## यही करियर बनाने का सही समय

एक 12वीं कक्षा पास करने के बाद विद्यार्थी के जीवन में अहम बदलाव आते हैं और यही वह मोड होता है, जहां पर खड़े रहकर हर एक विद्यार्थी सोचता है कि अब किस तरफ जाना है क्योंकि 12वीं कक्षा तक का रास्ता आसानी से पास हो जाता है। लेकिन अब 12वीं बायोलॉजी के बाद अनेक सारे रास्ते होते हैं, जिसमें से एक बेहतरीन और अपने लिए सही रास्ते का चयन करना काफी मुश्किल हो जाता है। विद्यार्थी 12वीं तक कुछ ज्यादा भविष्य के बारे में नहीं समझ पाते हैं। इसीलिए अब 12वीं के बाद उन्हें अपने भविष्य के लिए भी रास्ते का चयन करना होता है। तो 12वीं के बाद क्या करें ये हर एक विद्यार्थी के मन में प्रश्न उठता है। बता दे की 12वीं कक्षा निर्धारित किए गए सिलेबस के तहत होती है। 10वीं कक्षा तक का निर्धारित किए गए सिलेबस के आधार पर ही पढ़ाई होती है तथा 10वीं के बाद विद्यार्थी अपनी इच्छा से मौजूद सिलेबस में से किसी सिलेबस का चयन करके उसके तहत आगे की पढ़ाई कर सकते हैं। 10वीं कक्षा के बाद अधिकांश विद्यार्थी बायोलॉजी की तरफ बढ़ते हैं और 11वीं तथा 12वीं कक्षा बायोलॉजी से पास करते हैं। लेकिन 12वीं बायोलॉजी से पास करने के बाद अब आगे क्या करें यह सवाल उनके मन में भी रहता है। बायोलॉजी सिलेबस मेडिकल क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निर्धारित किया गया है। अगर आप भी डॉक्टर बनना चाहते हैं। मेडिकल या चिकित्सा के क्षेत्र में किसी पद पर कायम होकर अपने बेहतर भविष्य की कल्पना करते हैं। तो 10वीं के बाद बायोलॉजी विषय ही लिया जाता है बायोलॉजी विषय काफी महत्वपूर्ण और कठिन भी होता है तथा कुछ विद्यार्थियों को इसमें रुचि भी आती है। लेकिन 12वीं कक्षा बायोलॉजी में पास करने के बाद अब विद्यार्थी को क्या करना चाहिए इस बारे में भी जान लेना बहुत जरूरी है क्योंकि विद्यार्थी 12वीं बायोलॉजी से पास करने के बाद अनेक सारे रास्ते देख कर यह समझ नहीं पता है कि अब उसे क्या करना चाहिए और उनके लिए कौन सा रास्ता सही है?



## बायो से क्या-क्या बन सकते हैं

अगर आप भी बायोलॉजी के विद्यार्थी हैं और अपने 12वीं कक्षा बायोलॉजी सिलेबस के तहत पास कर ली है, तो अब आपके सामने विभिन्न प्रकार के रास्ते हैं इनमें से सही रास्ता कौन सा है? आपको किस पद पर चलना चाहिए? इस तरह के सवाल आपके मन में आते हैं, तो हम आपको बता देते हैं कि बायोलॉजी से 12वीं कक्षा पास करने के बाद आप मेडिकल तथा चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पदों पर कार्यरत हो सकते हैं। अगर आप यह सोचते हैं कि सिर्फ एमबीबीएस डॉक्टर ही बन सकते हैं, तो ऐसा आप गलत सोचते हैं। 12वीं कक्षा में बायोलॉजी विषय से सफलता प्राप्त करने के बाद आप विभिन्न प्रकार के मेडिकल और चिकित्सा के क्षेत्र वाले कोर्स कर सकते हैं और उन कोर्स को करके एक बेहतरीन करियर की कल्पना कर सकते हैं। तो आईए जानते हैं

### नर्सिंग कोर्स

बायोलॉजी सब्जेक्ट में 12वीं कक्षा पास करने के बाद अधिकांश विद्यार्थियों द्वारा नर्सिंग कोर्स का चयन किया जाता है क्योंकि नर्सिंग कोर्स के तहत विद्यार्थियों को डॉक्टर की सहायता करना सिखाया जाता है कि किस तरह से मरीज के साथ काम करना है। मरीज को किस तरह से आराम देना है और उसका ट्रीटमेंट कैसे करना है। नर्स बनने के लिए नर्सिंग कोर्स करवाया जाता है। इस कोर्स से अस्पताल में डॉक्टर के साथ काम करना सिखाया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद शुरुआती समय में ही आपको आसानी से 25 से 30000 रुपये मिल जाते हैं और अनुभव के आधार पर सैलरी में बढ़ोतरी भी हो जाती है।

## साइकोलॉजिस्ट कोर्स

इस भागदौड़ भरी जीवन शैली के कारण लोग मानसिक रूप से परेशान होते हैं, तनाव में आ जाते हैं और उन्हें साइकोलॉजिस्ट की आवश्यकता होती है। वो साइकोलॉजिस्ट उन्हें मानसिक रूप से उसे सिचुएशन से बाहर निकालने की कोशिश करता है और इसके बदले में वह मोटी फीस लेता है। तो आप भी बायोलॉजी में 12वीं कक्षा पास करने के बाद साइकोलॉजिस्ट बन सकते हैं। इसके लिए आपको बैचलर ऑफ साइकोलॉजी डिग्री कोर्स करना होगा। यह कोर्स तीन वर्ष कोर्स है। इस कोर्स को करने के बाद आपको 2 वर्ष का मास्टर ऑफ साइकोलॉजी कोर्स भी करना होगा, उसके बाद आप साइकोलॉजिस्ट बन जाएंगे।

### न्यूट्रिशन एंड डायटिस्ट कोर्स

वर्तमान समय में लोग सही तरह के खाने पीने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं जिसके लिए उन्हें न्यूट्रिशन एवं डाइटिस्ट की आवश्यकता होती है। बता देते हैं कि किसी व्यक्ति को न्यूट्रिशन कितना लेना चाहिए, किस मात्रा में लेना चाहिए, किस समय लेना चाहिए? ये एक न्यूट्रिशन बता सकता है और व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए कौन-कौन सा खाना खाना चाहिए, कितनी डाइट होनी चाहिए, अपनी डाइट में क्या-क्या शामिल करना चाहिए? यह सभी एक डायटिस्ट बता सकता है। इसीलिए इन दोनों को मिलाकर न्यूट्रिशन एंड डायटिस्ट कोर्स बनाया गया है। इस कोर्स को करने के बाद आप लोगों को सही प्रकार से भोजन करना सीख सकते हैं।

## बी डी एस कोर्स

बीडीएस का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ डेंटल साइंस होता है। यह एक अंडरग्रेजुएट कोर्स है। जो 12वीं के बाद करवाया जाता है यह 3 वर्ष का कोर्स होता है। बैचलर ऑफ़ डेंटल साइंस नाम से ही पता चलता है कि इस कोर्स को करने से दांतों का डॉक्टर बन जा सकता है यानी इस कोर्स में दांतो से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। इस कोर्स के दौरान स्टूडेंट को दांतो से संबंधित बीमारियों की जानकारी दी जाती है। दांतो के मरीज का इलाज कैसे करना है यह भी सिखाया जाता है। आप बैचलर ऑफ डेंटल साइंस कोर्स करके प्राइवेट और गवर्नमेंट हॉस्पिटल में डेंटिस्ट बन सकते हैं। वर्तमान समय में दांतो के डॉक्टर हर महीने 2 से 5 लाख आसानी से कमा लेते हैं।

## डर्मेटोलॉजिस्ट कोर्स

अगर आप त्वचा यानी स्क्रीन की बीमारियों का इलाज करने वाला डॉक्टर बनना चाहते हैं यानी आप त्वचा चिकित्सक बनना चाहते हैं, तो यह कोर्स खास आपके लिए हैं। इस कोर्स को 12वीं कक्षा में बायोलॉजी में सफलता प्राप्त करने के बाद किया जा सकता है। इस कोर्स के तहत त्वचा से संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाती है जैसे कि मुंहासे, शरीर में धब्बे, खुजली आदि का इलाज कैसे करते हैं? ये समस्याएं क्यों उत्पन्न होती हैं? इसके लिए कौन-कौन सी दवाइयां हैं? किस तरह की चिकित्सा प्रणाली है? इस बारे में जानकारी दी जाती है। डर्मेटोलॉजिस्टिक बनकर आप हर महीने शुरुआती तौर पर 50000 रुपये से भी अधिक कमा सकते हैं।

## रेडियोग्राफी कोर्स



वर्तमान समय में रेडियो ग्राफिक कोर्स करने वालों की डिमांड काफी ज्यादा देखने को मिलती हैं। बता देते हैं कि रेडियोग्राफी कोर्स करने से आपको मरीज के जांच वाली मशीनों का ज्ञान दिया जाता है। आज के समय में जब हम बीमार पड़ते हैं, तो सबसे पहले हमारा एक्स-रे किया जाता है, हमारा ब्लड टेस्ट किया जाता है, सिटी स्कैन किया जाता है, एमआरआई स्केन किया जाता है, लैब टेस्ट किया जाता है और विभिन्न प्रकार के टेस्ट एवं जांच की जाती है। उन सभी के लिए वर्तमान समय में विभिन्न प्रकार की मशीन है और उपकरण आ चुके हैं। इन मशीनों और उपकरणों को चलाने तथा सही ढंग से इस्तेमाल करने के लिए रेडियोग्राफी कोर्स किया गया है। आप इस रेडियोग्राफी कोर्स को करके हर महीने 50000 तक आसानी से कमा सकते हैं।

## बी फार्मा कोर्स

बी फार्मा कोर्स को बैचलर ऑफ़ फार्मेसी भी कहते हैं। इस कोर्स की मदद से आपको दवाइयां का ज्ञान हो जाता है। औषधीय का ज्ञान हो जाता है। चिकित्सा और मेडिकल के क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली संबंधित दवाइयां और औषधीय किस समय किस मरीज को कौन सी बीमारी के समय कितनी उपलब्धता के आधार पर देनी होती है। इस बात की जानकारी इस कोर्स में उपलब्ध है। इस कोर्स को करने से दवाइयां के इस्तेमाल के बारे में पूरी जानकारी पता चल जाती है जिसके बाद आप अपना खुद का मेडिकल स्टोर भी खोल सकते हैं या मेडिकल क्षेत्र में काम भी कर सकते हैं। इसके लिए आप डिप्लोमा इन फार्मेसी, बैचलर ऑफ फार्मेसी या फिर मास्टर ऑफ साइंस ऑफ फार्मेसी कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद आप हर महीने 30 से 35000 आसानी से कमा सकते हैं

## पैरामेडिकल कोर्स

बायोलॉजी विषय के अंतर्गत 12वीं कक्षा पास करने के बाद पैरामेडिकल कोर्स का चयन भी बड़ी मात्रा में किया जाता है। बता देते हैं कि पैरामेडिकल कोर्स में फार्मेसी नर्सिंग तथा हेल्थ केयर सेक्टर से संबंधित ज्ञान उपलब्ध कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद आप हेल्थ केयर सेक्टर में बड़े पदों पर नौकरियों का सकते हैं। पैरामेडिकल कोर्स करने के बाद हेल्थ केयर सेक्टर में जॉब करने पर शुरुआती तौर पर आप हर महीने 30 – 35000 हजार रुपए आसानी से कमा सकते हैं और उसके बाद 4-5 साल के एक्सपीरियंस के बाद आप हर महीने एक से डेढ़ लाख रुपए भी आसानी से कमा सकते हैं।

## एमबीबीएस कोर्स

एमबीबीएस का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी होता है। बायोलॉजी में 12वीं कक्षा पास करने के बाद सबसे अधिक चयन किए जाने वाले कोर्स की सूची में सबसे पहले एमबीबीएस कोर्स का नाम ही आता है। लेकिन यह काफी कठिन कोर्स है इसके लिए आपको केंद्रीय स्तर पर आयोजित नीट एंट्रेंस एग्जाम पास करना होगा और उस एग्जाम में अच्छे अंक लाकर मेरिट में भी स्थान बनाना होगा, तभी आप इस कोर्स के लिए इलीजिबल माने जाएंगे। बता दें कि इस कोर्स को करने के लिए 12वीं कक्षा में भी अच्छे अंक प्राप्त करना जरूरी है। इस कोर्स में आपको डॉक्टर बनने से संबंधित पूरी जानकारी बताई जाती है, जिसके बाद आप किसी विशेष स्पेशलाइजेशन के डॉक्टर बन जाते हैं। स्पेशलाइजेशन जैसे कि न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक्स, चाइल्ड स्पेशलिस्ट, एनएसथीसिया स्पेशलिस्ट आदि।

---

# खेलों से प्रेरणा लेकर तनाव से निपटें और सकारात्मक सोच अपनाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में हर छात्र के सामने कई चुनौतियां आती हैं-पढ़ाई का दबाव, परीक्षा की तैयारी, भविष्य की चिंता और कभी-कभी व्यक्तिगत परेशानियाँ। इन सबके बीच तनाव होना स्वाभाविक है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि खेल सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती और सकारात्मक सोच के लिए भी एक शानदार जरिया हो सकते हैं? आइए जानते हैं कि कैसे खेलों से प्रेरणा लेकर आप अपने जीवन में तनाव को कम कर सकते हैं और एक सकारात्मक दृष्टिकोण बना सकते हैं।

## हार को भी जीत की सीढ़ी बनाएं

खेलों में हर खिलाड़ी को हार और जीत दोनों का सामना करना पड़ता है। सचिन तेंदुलकर, पी.वी. सिंधु या विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने भी अपने करियर में कई बार असफलताओं का सामना किया, लेकिन उन्होंने हार को कभी अंत नहीं माना। हार उनके लिए एक सबक थी, एक नई शुरुआत का मौका थी। जब आप पढ़ाई में कम नंबर लाएं या किसी लक्ष्य को हासिल न कर पाएं, तो उसे खेल की तरह देखें। हार से सीखें, अपनी कमियों को सुधारें और अगली बार दोगुनी मेहनत के साथ मैदान में उतरें। यही सकारात्मक सोच आपको आगे बढ़ाएगी।

**टीमवर्क से सीखें एकजुटता** : क्रिकेट, फुटबॉल या कबड्डी जैसे खेल हमें सिखाते हैं कि अकेले नहीं, बल्कि टीम के साथ मिलकर बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। जब तनाव बढ़ता है, तो अपने दोस्तों, परिवार या शिक्षकों का साथ लें। उनसे बात करें, अपनी परेशानियाँ साझा करें और मदद मांगने में संकोच न करें। जैसे मैदान पर हर खिलाड़ी अपनी भूमिका निभाता है, वैसे ही आपके जीवन में भी लोग आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकते हैं। यह एकजुटता आपको तनाव से लड़ने की ताकत देगी।

**लक्ष्य निर्धारित करें, छोटे कदमों से आगे बढ़ें** : खेलों में हर खिलाड़ी का एक लक्ष्य होता है-चाहे वह रन बनाना हो, गोल करना हो या मेडल जीतना हो। लेकिन यह लक्ष्य रातोंरात हासिल नहीं होता।

## शारीरिक सक्रियता से दूर करें तनाव

खेल न सिर्फ दिमाग को तरोताजा करते हैं, बल्कि शरीर को भी ऊर्जा देते हैं। जब आप तनाव में हों, तो कुछ देर के लिए किताबें बंद करें और बाहर निकलें। दौड़ें, बैडमिंटन खेलें, या बस अपने दोस्तों के साथ हल्की-फुल्की मस्ती करें। शारीरिक गतिविधि से आपके शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज होता है, जो तनाव को कम करता है और आपको खुश रखता है। रोजाना 20-30 मिनट का खेल आपके दिमाग को शांत करेगा और सकारात्मक ऊर्जा देगा।

**अनुशासन और समय प्रबंधन की कला** : खिलाड़ी अपने जीवन में अनुशासन और समय का सही उपयोग करना सीखते हैं। सुबह जल्दी उठना, अभ्यास करना, और अपने लक्ष्य पर ध्यान देना यह सब खेल हमें सिखाते हैं। आप भी अपने दिन की योजना बनाएं। पढ़ाई, खेल और आराम के लिए समय निर्धारित करें। जब आपका जीवन व्यवस्थित होगा, तो तनाव अपने आप कम हो जाएगा। अनुशासन आपको यह एहसास दिलाएगा कि आप अपने जीवन के मालिक हैं।

**हर दिन खुद को प्रेरित करें** : खेलों में खिलाड़ी हर मैच को एक नई चुनौती की तरह लेते हैं। आप भी हर दिन को एक नया मौका मानें। सुबह उठकर खुद से कहें, "आज मैं कुछ नया सीखूंगा, कुछ बेहतर करूंगा।" अपने पसंदीदा खिलाड़ी की मेहनत और संघर्ष की कहानियों को याद करें। उनकी तरह आप भी अपने सपनों के लिए लड़ सकते हैं। यह सोच आपको तनाव से निकालकर सकारात्मक दिशा में ले जाएगी।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - यू. एस. ए.
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया

**गोहाना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना में शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मातृ स्वास्थ्य के संबंध से जागरूक कराना था। क्रार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। उनके अनुसार हर वर्ष यह दिवस किसी विशेष थीम पर मनाया जाता है।

### दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित भूरा उर्फ शिवकुमार निवासी संत नगर यूपी हाल में विकास नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### धोखाधड़ी की वारदात में शामिल आरोपित दबोचा

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने धोखाधड़ी करके गाड़ियां बेचने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अनमोल निवासी गौतम कॉलोनी नरेला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस केस की गंभीरता से जांच कर रही है।

### मारने की धमकी देने का आरोप

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के प्रयास कर रही है। प्याऊ मनियारी निवासी उमा कुमारी ने बताया कि उसकी शादी नवंबर 2023 में पवन के साथ हुई थी।

### रंजिश के चलते दो पक्षों में चली गोलियां, केस

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव सलीमसर माजरा में रंजिश को लेकर दो पक्षों में गोलियां चलने का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों के लोग घायल बताए जा हरे है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सलीम सर माजरा निवासी आकाश ने बताया कि वह खेती करता है।

### गायत्री महायज्ञ और वैसाखी समारोह शुरू

**सोनीपत।** महात्मा आशानन्द वधवा हिन्दू मंच सोनीपत के तत्वावधान में 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक संस्था प्रधान हरिचन्द स्नेही की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव, गायत्री महायज्ञ और वैसाखी का पर्व लक्ष्मी देवी गोसाईं धर्मशाला सिक्का कालोनी सोनीपत में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य वैदिक प्रवक्ता और यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य शिव कुमार शास्त्री सहारनपुर ने यज्ञ के पश्चात बताया कि यज्ञ से समस्त शुभ मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### फुले जयंती व बैसाखी समारोह का आयोजन

**सोनीपत।** दिल्ली विद्यापीठ में शुक्रवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिरबा फुले जयंती और बैसाखी के अवसर पर बच्चों और अध्यापक वर्ग द्वारा गीत, कविता, भाषण, डांस, गिद्दा, और भांगड़ा की प्रस्तुति दी गई। समारोह के शुभारंभ से पहले विद्यालय के संचालक वीर सिंह सैनी ने कहा कि आज हम जिस समाज में रहते है, अधिकारों के आधार पर अपने अस्तित्व को कायम किए हुए हैं।

### आयोजित किया अपस्किलिंग सेशन

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 12 स्थित कम्युनिटी सेंटर में प्रोजेक्ट आत्मनिर्भर के अंतर्गत स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया। अंबिका एनेक्टस क्लब के प्रयास से सुकृति एनजीओ के उदायन केयर की ट्रेनर ने पहुंच कर कार्यशाला का आयोजन किया।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक के आश्वासन पर माने दुकानदार

# पेस्टीसाइड्स एसोसिएशन की प्रदेशव्यापी हड़ताल समाप्त

### मुख्यमंत्री से मुलाकात कर कानून में संशोधन करवाएंगे: मदान

**नए कानून में से विक्रेता के खिलाफ जुर्माना लगाने और सजा के प्रावधान को हटवाने का काम करेंगे: बडौली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। हड़ताली विक्रेताओं को संबोधित करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष साथ में विधायक एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली और विधायक निखिल मदान बीज मार्केट पहुंचे। जहां उन्होंने जिला सोनीपत फर्टिलाइजर्स, सीड्स एवं पेस्टीसाइड्स एसोसिएशन द्वारा सरकार द्वारा लागू किये गए खाद, दवाई एवं कीटनाशक के नए अधिनियम के विरोध में की जा रही हड़ताल को खत्म करवाया। प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा कि वो अगले सप्ताह में फर्टिलाइजर्स, सीड्स एवं पेस्टीसाइड्स एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ कराएंगे और नए कानून में से विक्रेता के खिलाफ जुर्माना लगाने और सजा के प्रावधान को हटवाने का काम करेंगे। विधायक निखिल मदान ने कहा कि वो मौजूदा कानून में से विक्रेता के खिलाफ किए गए सजा के प्रावधान को हटाने से सहमत हैं और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली के साथ मिलकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करेंगे और इस क़ानून में संशोधन करवायेंगे।

मौके पर मौजूद एसोसिएशन के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि नए कानून में बीज व कीटनाशक दवाई को निम्नस्तर या अमानक पाए जाने पर निर्माता और विक्रेता दोनों के खिलाफ जुर्माना और सजा का प्रावधान किया गया है। इसे गैर-जमानती अपराध श्रेणी में रखा गया है, जो सरासर गलत है। बीज व कीटनाशक दवाई पैक करने या बनाने का लाइसेंस सरकार द्वारा ही दिया जाता है। उनकी यही माँग है कि इस प्रावधान को क़ानून में से हटाया जाये। आज जिला एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली और विधायक निखिल मदान के आश्वासन पर अपनी हड़ताल ख़त्म करते हैं। साथ ही पूरे प्रदेश में भी हड़ताल ख़त्म कर दी गई है। इस अवसर पर जिला सोनीपत फर्टिलाइजर सीड्स एवं पेस्टिसाइड एसोसिएशन प्रधान संजय सिंगला, जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा, सतवीर सोलंकी, अंकित मान ,नरेंद्र लाकड़ा ,तरुण खत्री, संत कुमार, बिट्टू दहिया, सतीश कौशिक, जोगेंद्र सैनी, पुनीत आंतिल, रण सिंह सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान महावीर के विचारों पर आगे बढ़ें : अरविंद शर्मा

- 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव में पत्नी के साथ पहुंचे कैबिनेट मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। कैबिनेट मंत्री को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकास और विरासत को सहेजने का संदेश देते हैं, ताकि हमारी सांस्कृतिक समृद्धता का दुनिया भर में विस्तार हो। हमें जन-जन को भगवान महावीर के जियो और जीने दो के सन्देश के साथ-साथ नवकार महामंत्र की दिव्यता और आध्यात्मिकता से जोड़ना है, ताकि समाज को सशक्त बनाया जा सके। बीती देर शाम सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और उनकी धर्मपत्नी डॉ. रीटा शर्मा श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, गोहाना में पहुंचे व भगवान महावीर स्वामी जी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव में शामिल हुए। श्री 105 क्षुल्लक प्रजान्श सागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने उपरांत मंत्री ने महावीर की दीपार्चना में भागीदारी की।



खरखौदा। छात्राओं को सम्मानित करते एसडीएम डॉ निर्मल नागर व अन्य।

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**खरखौदा।** कन्या कालेज में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन प्राचार्या डॉ. प्रमिला की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम डॉ निर्मल नागर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज प्रबंधन समिति प्रधान वेदप्रकाश दहिया, उपप्रधान सतबीर दहिया, महासचिव नीरज दहिया, उप सचिव कुलदीप दहिया तथा कोषाध्यक्ष राजेंद्र गनौत्रा ने समारोह में शामिल हुए। कालेज कार्यकारिणी समिति प्रधान वेद प्रकाश दहिया ने मुख्य अतिथि को शाल तथा पौधा भेंट कर उनका कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत और अभिनंदन किया। इसके बाद प्राचार्या, कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सीमांत तथा डॉ. दर्शना ने विशिष्ट अतिथियों व अन्य गणमान्य अतिथियों को पौधा भेंट कर उनका कार्यक्रम में पधारने पर हार्दिक अभिनंदन किया।

### कैंटर-कार की टक्कर में पुलिस कर्मी की जान गई


**सोनीपत।** सोनीपत-कामी सड़क मार्ग पर कैंटर-कार की टक्कर में कार सवार स्पेशल पुलिस कर्मी घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोई निवासी प्रदीप ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसका भाई संदीप कुमार आर्मी में नौकरी करता था। वह वर्ष 2019 में आर्मी से रिटायर्ड हो गया थ्का। उसके बाद वह हरियाणा पुलिस ने एसपीओ के पद पर तैनात हो गया था। उसका भाई संदीप 10 अप्रैल को अपनी गाड़ी में सवार होकर ड्यूटी पर जा रहा था। वह गन्नौर-सोनीपत रोड पर गांव कामी के पास पहुंचा। जहां कैंटर ने कार को टक्कर मार दी।

## दांतों की सफाई का महत्व बताया

**गोहाना।** बनवासा स्थित पीएचसी में शुक्रवार को पीएमएसएमए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में गर्भवर्ती महिलाओं के लिए दांतों की सफाई-सफाई अर्थात मौखिक स्वास्थ्य का महत्व बताया गया। दंत चिकित्सक डॉ. अंकिता ने कहा कि महिलाएं गर्भाशय के दौरान और डिलीवरी के बाद मौखिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वे नियमित रूप से दांतों की साफ-सफाई करें। दंत चिकित्सक ने एएमएन को बताया कि वे महिलाओं को मौखिक स्वास्थ्य बारे जागरूक करें। महिलाओं को दांतों की सफाई के अभाव में होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करें। डॉ. अंकिता ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 मार्च से 20 अप्रैल तक मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी और आशा वर्कर्स भी मौजूद रहीं।



गोहाना। संबोधित करते डॉ. अंकिता। फोटो :हरिभूमि



गोहाना। प्रदीप सांगवान का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा के लिए देशहित सर्वोपरि

**गोहाना।** शुक्रवार को भाजपा के बरोदा हलका से पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने चलो गांव चलो बस्ती कार्यक्रम के गांव चिड़ाना और जवाहरा में जनसभाएं की। गांवों में ग्रामीणों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने कहा कि भाजपा के लिए देशहित सर्वोपरि है। अपनी इसी नीति के तहत भाजपा ने जम्मू-कश्मरीर में धारा 370 और 35ए हटाने का काम किया। इसके अलावा भाजपा ने तीन तलाक कानून खत्म किया और वक्फ बिल में संशोधन कर एक नया कीर्तिमान रच दिया। वे बोले कि प्रदेश की नायब सरकार नायाब काम कर रही है। प्रदेश का हर वर्ग मुख्यमंत्री से खुश है। प्रदीप सांगवान ने ग्रामीणों को 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर यमुनानगर में प्रस्तावित प्रधानमंत्री की रैली का भी निमंत्रण दिया।

## अच्छा बनने के लिए धर्म का आचरण जरूरी

**गोहाना।** आर्य समाज गोहाना मंडी के त्रिदिवसीय वार्षिक उत्सव का शुक्रवार को यज्ञ के साथ शुभारंभ हुआ। वार्षिकोत्सव 13 अप्रैल तक चलेगा। समारोह के शुभारंभ की अध्यक्षता गोहाना इकाई के अध्यक्ष धर्मपाल आर्य ने की। भजनोपदेशक उतरप्रदेश से पं. अनिल दत्त ने श्रद्धालुओं को धर्म के आचरण करने के प्रेरणा दी। भजनों के माध्यम से ईश्वर के दिव्य गुणों पर प्रकाश डाला। यज्ञ के ब्रह्मा संदीप आर्य ने अपने उपदेश में समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। वे बोले कि अच्छा इंसान बनने के लिए शिक्षा के साथ संस्कारों की जरूरत होती है। अच्छे कार्यों के लिए व्यक्ति के पास समय का अभाव नहीं है बल्कि उसके भीतर उस कार्य करने की रूचि नहीं है। कार्य का महत्व मालूम होने पर ही उसके लिए व्यक्ति प्रयास करता है।



गोहाना। प्रवचन करते वक्तागण। फोटो : हरिभूमि



ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित करते शहरवासी।

## ज्योतिबा फुले जयंती मनाई

**खरखौदा।** रोहतक मार्ग स्थित महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिसमें श्यामपाल सैनी, राजेंद्र सैनी, पार्षद गोपाल, मुकेश, सीताराम, कृष्ण सैनी, विजेंद्र सैनी, राजवीर सैनी, हजारीलाल ,जोगिंदर सैनी, सुनील पांचाल द्वारा उनकी मूर्ति पर पुष्पमाला अर्पित करके नमन किया गया। वक्ताओं ने बताया कि ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में हुआ था। उन्होंने समाज में फैली छुआछूत, जात-पात और महिलाओं के प्रति भेदभाव के विरुद्ध आवाज़ उठाई। ज्योतिबा फुले ने 1848 में अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर देश की पहली बालिका विद्यालय की स्थापना की। वे स्त्री शिक्षा के प्रबल समर्थक थे और उन्होंने सत्य शोधक समाज की स्थापना कर सामाजिक अन्याय के विरुद्ध आंदोलन चलाया।



खरखौदा। पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते गणमान्य। फोटो :हरिभूमि

## अनुज व रवि ने जीते रजत पदक

**खरखौदा।** चीन में आयोजित 10 वें वुशु वर्ल्ड कप में भारत के लिए गौरवपूर्ण पल सामने आया, जब हरियाणा के सोनीपत जिले में स्थित प्रताप स्कूल, खरखौदा के दो होनहार खिलाड़ियों अनुज (52 किग्रा वर्ग) और रवि पांचाल (65 किग्रा वर्ग) ने रजत पदक जीतकर देश, प्रदेश और विद्यालय का नाम रोशन किया। लौटने पर दिल्ली एयरपोर्ट पर दोनों खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सीईओ सोहेल अहमद, द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित ओमप्रकाश दहिया डॉ. सुबोध दहिया (अकादमिक डायरेक्टर), एसएसबी वुशु कोच गुलशन तथा वुशु कोच विनोद गुलिया इस अवसर पर उपस्थित रहे। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि अनुज इससे पूर्व सीनियर एशियन चैम्पियनशिप में कांस्य, ब्रिक्स गेम्स में स्वर्ण और रवि पांचाल इससे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीत चुके हैं।

# इन हाउस कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। कार्यशाला में शामिल अध्यापकगण। फोटो :हरिभूमि

ऋषि कुल वर्ल्ड एकेडमी में नई शिक्षा नीति के साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु अनुभवात्मक शिक्षा विषय पर अंतर्विद्यालयी एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें वर्ल्ड एकेडमी के प्रबंधक नीरज शर्मा, निदेशक रीमा शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्य चंचल शर्मा के साथ पार्थ शर्मा, अंजू शर्मा एवं भूपिला ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी सहित ऋषिकुल विद्यापीठ गोहाना रोड एवं ऋषिकुल विद्यापीठ अलीपुर के सभी अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यशाला में चंचल शर्मा ने कहा कि अनुभव शिक्षा का अर्थयह सुनिश्चित करता है कि छात्र सीखने में सामग्री के साथ-साथ अपने स्वयं के अनुभवों और विकास को भी एकीकृत करें। अनुभव करना, अन्वेषण करना और कार्य करना इससे छात्र सक्रिय रूप से शिक्षण गतिविधि में भाग लेंगे और प्रशिक्षक इस प्रक्रिया में मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा। नीरज ने भी शिक्षकों को संबोधित करते कहा कि सीखना तब शुरू होता है जब शिक्षार्थी इंद्रियों और धारणाओं का उपयोग करके वर्तमान में घटित हो रही घटनाओं में संलग्न होता है। तब वे विषय जुड़ाव महसूस करता है व सीखना है अनुभवात्मक शिक्षक के कारण छात्रों में विषय के प्रति रुचि उत्पन्न होती है।



महात्मा ज्योतिबा फूले को नमन करते मेयर राजीव जैन साथ में अन्य।

## ज्योतिबा फूले को किया नमन

**सोनीपत।** नगर निगम के महापौर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनको नमन करते हुए युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे उनके आदर्शों व शिक्षाओं तथा संपूर्ण जीवन का अनुकरण कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका अदा करें। वे महात्मा फूले के जयंती समारोह में उपस्थित जनसमूह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्य आयोजन नई सब्जी मंडी चौक पर किया गया जहां पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।राजीव जैन ने महात्मा ज्योतिबा फूले द्वारा अपने समय में किये गए कार्यों एवं उनके सम्पूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा फूले विरले संत एवं समाज सुधारक थे, जिनका पूरा जीवन समाज को समर्पित रहा। महात्मा फूले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जमकर आवाज बुलंद की। कुरीतियों को दूर करने के लिए संघर्ष किया व लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।

## महिला विवि में जयंती पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

# ज्योतिबा प्रसिद्ध समाज सुधारक थे : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता, हिंदी एवं विधि विभाग के संयोजन से यह कार्यक्रम विधि विभाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। प्रो. सुदेश ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले न केवल एक समाज सुधारक थे अपितु एक शिक्षाविद् और लेखक भी थे। 19वीं शताब्दी में जब समाज जाति और लैंगिक भेदभाव से जूझ रहा था तब ज्योतिबा फुले ने सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के लिए निर्णायक आंदोलन खड़ा किया था। कुलपति प्रो. सुदेश ने भगत फूल सिंह जी को उतर भारत का महात्मा ज्योतिबा फुले बताया। बीज वक्तव्य बीआर अंबेडकर चेयर कुरुक्षेत्र विवि के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने दिया। वे बोले कि ज्योतिबा फुले ने प्रथम बार महाराष्ट्र के पुणे में नारी शिक्षा हेतु एक विद्यालय का प्रारंभ किया। निदेशक छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता हुड्डा ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं का परिचय विधि विभाग अध्यक्ष डॉ. सीमा ने करवाया। धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रो. मूर्ति मलिक ने किया। कार्यक्रम में विधि विभाग प्रथम वर्ष की छात्राओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले पर एक लघु नाटिका का मंचन किया। कार्यक्रम में डॉ. अशोक, डॉ. संध्या, डॉ. पूजा, डॉ. स्वीटी, डॉ. आनंद, डॉ. संजीव, डॉ. राजेश, डॉ. स्नेह, डॉ. दुर्गेश, डॉ. कमल, डॉ. कुलदीप व रविंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।




सोनीपत। विजेता विद्यार्थियों के साथ संस्थान के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## इनोवेटिव उत्सव सम्पन्न

**सोनीपत।** बीएम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सोनीपत में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय नवाचार महोत्सव इग्नाइट एंड इनोवेटिव के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लिया और नवाचार की दिशा में प्रेरणादायक कार्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जेएस सैनी और डॉ. याकेश यादव रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को 1 लाख रुपये से अधिक के नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वर्चस्वपूर्ण वाद-विवाद प्रतियोगिता 'विमर्श' से हुई, जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने सामाजिक, तकनीकी और नैतिक विषयों पर अपने विचार रखे।प्रतियोगिता के दौरान उद्भव के तहत डीएवी मल्टीपर्पस पब्लिक स्कूल, प्रस्ताव के तहत हिमांक अरोड़ा डीएवी, प्रज्ञान के तहत अनिकेत ज्ञान विद्या पीठ, विमर्श के तहत ब्राइट स्कॉलर स्कूल, विज्ञानोदय में महाराजा सूरजमल इंस्टिट्यूट दिल्ली प्रथम रहा।

**खबर संक्षेप**

### स्वयंसेवकों ने कॉलेज के परिसर को बुहारा

**गोहाना।** राजकीय महाविद्यालय, बड़ौता में शुक्रवार को एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। समारोह में महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. बीआर अंबेडकर याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल ग्रोवर ने की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की और अपने गुरुजनों के साथ पौधरोपण किया।



### श्रद्धा का केंद्र बना बाबा जिंदानाथ, लगा मेला

**गन्नौर।** गांव मोई माजरी स्थित बाबा जिंदा डेरे में शुक्रवार को चौदस के अवसर पर दो दिवसीय विशाल मेले का समापन मठाधीष बाबा बालक नाथ की देखरेख में हुआ। मेले में दूसरे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा जिंदा नाथ की समाधि पर माथा टेककर मन्नतें मांगी। वहीं मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में गुड़, दूध, झाड़ू, कंबल चढ़ाया। मान्यता है कि बाबा जिंदानाथ पर माथा टेकने से रसौली, मच्छ और पशुओं की बीमारियां दूर होती हैं। बाबा जिंदानाथ डेरे पर आने वाले श्रद्धालुओं को धूने से भभूत, काले डोरे आरोग्य व शांति प्रदान करने के लिए आशीर्वाद स्वरूप दिए गए।

### गांव सिसाना में हेल्थ एवं न्यूरो चेकअप कैंप आज

**खरखौदा।** समाज सेवा और जनकल्याण के दृष्टिगत हर महीने के दूसरे शनिवार को खरखौदा उपमंडल के गांव सिसाना के खेतों में गांव चौलका और सिसाना के मध्य में प्रकृति की गोद में दादा धनकधारी द्वारा स्थापित ढीकन वाला आश्रम में निःशुल्क डेंटल, हेल्थ एवं न्यूरो चेकअप कैंप का आयोजन किया जाता है। इस कैंप में सैकड़ों रोगियों को विभिन्न बीमारियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उपचार प्रदान किया जाता है। इसके अलावा हर रोज़ विशेष तौर पर नजला की पारंपरिक दवाई, मोतीझारा और पीलिया का झाड़ा भी लगाया जाता है।

# चीनी मिल सोनीपत प्रदेश में रिकवरी में दूसरे नंबर पर रहा, मंत्री ने दी बधाई

**सुनील छिक्कार ▶▶| सोनीपत**

शहर के कामी सड़क मार्ग पर स्थित दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत का वर्ष 2024-25 का पेराई सत्र समाप्त हो चुका है। चीनी मिल कारखाने में इस पेराई सत्र में चीनी की रिकवरी प्रदेश के अन्य दूसरे चीनी मिलों को पछाड़ते हुए दूसरे नंबर अपना स्थान कायम रखा है। पहले स्थान पर शाहाबाद चीनी मिल रहा। प्रदेश के सहकारी मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने चीनी मिल प्रबंधन को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई दी है।

बता दें कि शहर के कामी गांव सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत के पेराई सत्र वर्ष 2025-26 की प्रदेश सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा बटन दबाकर नवंबर माह में की थी। जिसके बाद पेराई सत्र को अगले दिन शुरू किया गया था, लेकिन कारखाने में बॉयलर में आई कमी के चलते मिल प्रबंधन को परेशानी का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद कमी को दूर कर पेराई सत्र को पटरी पर लाने का प्रयास किया जा रहा था। कारखाने में कार्य ठीक होने के बाद पेराई सत्र को ठीक चलाते हुए रिकॉर्ड कायम किया है। वहीं चीनी मिल प्रबंधन की तरफ से जिले के करीब 1803 किसानों के साथ 32 हजार क्विंटल गन्ने का करार हुआ था। पेराई सत्र को बेहतर चलाने के लिए मिल प्रबंधन व कर्मचारियों की मेहनत काम आई। चीनी मिल के पेराई सत्र में चीनी का रिकवरी रेट शाहाबाद चीनी मिल को छोड़कर अन्य प्रदेश के चीनी मिलो को पछाड़ते हुए दूसरे नंबर पर अपना स्थान कायम रखा है।



- शाहाबाद चीनी मिल को छोड़कर प्रदेश के अन्य चीनी मिलों को पछाड़ा
- सहकारिता मंत्री ने चीनी मिल प्रबंधन को दी बधाई, पुराना होने के बाद रिकॉर्ड बना रहा
- 1803 किसानों के साथ 32 हजार क्विंटल गन्ने का हुआ था करार

| चीनी मिल | रिकवरी रेट | गन्ना पेराई |
|---|---|---|
| शाहाबाद चीनी मिल | 9.84 | 61 लाख क्विंटल |
| रोहतक चीनी मिल | 8.40 | 35 लाख क्विंटल |
| आहुलाना चीनी मिल | 8.39 | 19 लाख 70 हजार क्विंटल |
| पानीपत चीनी मिल | 9.01 | 50 लाख क्विंटल |
| करनाल चीनी मिल | 9.45 | 41 लाख क्विंटल |
| सोनीपत चीनी मिल | 9.62 | 26 लाख 700 क्विंटल |

### प्रशासनिक अधिकारियों के तालमेल के कारण मिल का प्रदर्शन रहा शानदार



चीनी मिल सोनीपत का पेराई सत्र बेहतर रहा है। कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के चलते पेराई सत्र को सुरक्षित व सफल बनाने में कामयाब रहे है। चीनी मिल का कारखाना प्रदेश के अन्य चीनी मिलो से पुराना होने के बाद रिकवरी में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दूसरा नंबर हासिल किया है। प्रदेश सहकारिता मंत्री के सहयोग व प्रशासनिक अधिकारियों के तालमेल से सफलता हासिल की है।

-**अमित कुमार**, महाप्रबंधक चीनी मिल सोनीपत

## प्रदेश सरकार से चुनावी वादा निभाने की मांग की

# कच्चे कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन और सौंपा ज्ञापन






सोनीपत। लघु सचिवालय में ज्ञापन सौंपते हुए संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण और विरोध प्रदर्शन करते हुए संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम प्राइवेट लिमिटेड के तहत विभिन्न विभागों में लगे एचकेआरएन के कच्चे कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त सोनीपत के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में विभिन्न विभागों के एचकेआरएनएल के तहत लगे कर्मचारी मुख्य रूप से शामिल हुए। जिसमें पंचायती राज, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम सोनीपत, बिजली विभाग, भवन एवं मार्ग शाखा हुडा विभाग, फायर विभाग आदि कर्मचारी आदि विभागों के सैकड़ों कर्मचारियों ने भागीदारी सुनिश्चित की। प्रदर्शन से पहले सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में एक विशाल सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ सोनीपत देशराज नैन की। जबकि संचालन नरेंद्र चहल हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने किया। सभा को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के मास्टर

- सरकार बातचीत के माध्यम से समस्याओं का हल नहीं करती तो 20 अप्रैल को उनके मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा

जोगिंद्र, बिजली के विजेंद्र कादियान, देवेंद्र, मैकेनिकल वर्कर यूनियन के बलराम, नीरज, आनंद हुड्डा, ओमप्रकाश मलिक, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व राज्य उप प्रधान सीलक राम मलिक, नगर निगम के प्रधान भारत, राजा भाई, राजीव खत्री, नवीन, जोगिंदर शर्मा, जयवीर कुमार, राजेश, रजनीश सैनी मोहन, राधा रानी, जयंती, देवेंद्र दहिया, विजेंद्र कादियान, सुरेश यादव, राकेश त्यागी, मुकेश, दिनेश चिकारा,आनंद हुड्डा आदि कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया व मांग की गई की प्रदेश सरकार अपने चुनावी वायदे निभाए। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले नायाब सैनी सरकार ने कर्मचारियों से वादा किया था कि तमाम प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी दी जाएगी किसी भी कर्मचारी की छंटनी नहीं की जाएगी बल्कि इन कर्मचारियों को महंगाई भत्ता ,सेवानिवृत्ति का लाभ तमाम प्रकार के पक्के कर्मचारियों के समान सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। मगर बड़े दुर्भाग्य की बात है की ट्रिपल इंजन सरकार बनने के बाद नायब सैनी सरकार अपने वादे को भूलकर वादा खिलाफी कर रही है। कच्चे कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छंटनी की जा रही है।

विभागों का निजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश की सरकार बातचीत के माध्यम से समस्याओं का हल नहीं करती तो 20 अप्रैल को उनके कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।



गन्नौर। महात्मा ज्योतिबा फुले के 198 वें जन्मोत्सव पर विचार गोष्टी को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## प्रथम शिक्षक महात्मा ज्योतिबा फुले के जन्मोत्सव पर हुई गोष्ठी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

भारतीय संविधान चेतना मंच के तत्वधान में महात्मा ज्योतिबा फुले के 198 वें जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन डॉ. बी.आर.अंबेडकर चौपाल गन्नौर में किया गया। सेमिनार में मूल निवासी बहुजन की वर्तमान समस्याएँ व उनका समाधान था। बहुजन मूलनिवासी लेखक व विचारक दयाराम, धर्मनिरपेक्ष विचारक मोहम्मद अली अल फलाही ने विषय पर अपने विचार रखे और निष्कर्ष निकाला कि केवल और केवल संविधान के अनुसार शासन की स्थापना ही सभी भारतीयों के बीच समृद्धि और सद्भाव सकती है।

प्रेम मेहरा, राजेश बिबियान, मनोज राठी, हनी रोजा, प्रीतम धीमान और ऋषिराज चौहान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर छवि, युक्ति, भार्गव और प्रिंस किल्सन आदि बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। इसके अलावा देश के प्रथम शिक्षक ज्योतिबा फुले, देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले और फातिमा शेख के जीवन से जुड़े ऐतिहासिक तथ्य साझा किए गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का साहित्य वितरित किया गया। इस अवसर पर राजेश बोहला, आरके चोपड़ा, पूनम टांक, बबीता किल्सन, डॉ. ओम सिंह, नरेश कटारिया, प्रवीण बोहला, प्रवीण छोकर, सुनील राठी, नरेंद्र मेहरा, राहुल, प्रिंस आदि मौजूद थे।

भारतीय संविधान चेतना मंच के संयोजक एसपी किल्सन बताया कि 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.बी.आर.अम्बेडकर के 134 वें वार्षिक जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह 9 बजे निकलने वाली शोभा यात्रा में भाग लेने की अपील की। शोभा यात्रा खेल स्टेडियम, गैस गोदाम के पास गन्नौर से शुरू होकर रेहड़ा बस्ती, भारतीय संविधान चौक नजदीक मॉडल संस्कृति स्कूल गन्नौर, रेलवे स्टेशन नमस्ते चौक से होते हुए डॉ. बी.आर. अंबेडकर चौपाल गन्नौर पर समाप्त होगी।

### छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से माहौल को भावनात्मक और सांस्कृतिक रंगों से भरा




**गन्नौर।** डीएवी स्कूल गढ़ी झंझारा रोड़ गन्नौर में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया। रंगारंग कार्यक्रम प्रधानाचार्य सुनील शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। छात्रों ने सास्कृतिक कार्यक्रमों से माहौल को भावनात्मक और सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। इसके पश्चात छात्रों ने पारंपरिक पंजाबी और हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा बैसाखी पर्व के महत्व पर आधारित भावपूर्ण भाषण और सुंदर कविताओं की प्रस्तुति ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। प्रधानाचार्य ने बैसाखी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों के प्रयास से बैसाखी पर पूरा वातावरण उल्लास और उमंग से परिपूर्ण रहा।

## हैप्पी चाइल्ड स्कूल में मनाई बैसाखी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौरं**

जीटी रोड स्थित हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें बच्चों ने पंजाबी गानों पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया।

विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से बैसाखी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को बताया। नन्हें-मुन्ने बच्चे पंजाबी पोशाक में आकर्षण का केंद्र बने रहे। बच्चों द्वारा जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित नाट्य मंचन ने सभी को भावुक कर दिया। प्रबंधक सुनील नागपाल और प्राचार्या उषा मलिक ने बच्चों को बैसाखी के महत्व के बारे में बताया और इसके मनाने का कारण भी बताया।




गन्नौर। जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित नाट्य मंचन करते छात्र।

## अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में लघु नाटिका भांगड़ा व पंजाबी गिद्दा की सुंदर प्रस्तुतियां दी

**गन्नौर।** बड़ी स्थित अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव और बैसाखी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित विशेष प्रार्थना सभा से हुई। इसमें हनुमान चालीसा, नृत्य, लघु नाटिका, भांगड़ा और पंजाबी गिद्दा की सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। छात्रों ने पारंपरिक पोशाकों में ढोलक की थाप पर रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्या अनीता यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए हनुमानं जी के बल, बुद्धि और विवेक से सीख लेने की प्रेरणा दी और किसानों को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्कूल के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### रेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक में दिए निर्देश

अतिरिक्त फीस व पुस्तकें लगवाने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

# सरकारी व निजी स्कूलों में अनिवार्य हों एनसीईआरटी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। आयोग के सदस्य डॉ. मांगे राम और मीना कुमारी ने शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी और सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर यह निर्देश जारी किए। बैठक में स्पष्ट कहा गया कि कोई भी स्कूल विद्यार्थियों पर अतिरिक्त शैक्षणिक भार न डाले और अनावश्यक रूप से किसी अन्य प्रकाशन की महंगी पुस्तकें न लगवाए। इसके अलावा, किसी भी छात्र से फॉर्म छह के अनुसार निर्धारित फीस से अतिरिक्त कोई राशि नहीं ली जानी चाहिए। आयोग ने यह भी निर्देश दिए कि खंड शिक्षा अधिकारी समय-समय पर स्कूलों का निरीक्षण करें और अपनी रिपोर्ट निर्धारित समय पर प्रस्तुत करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अगर कोई निजी विद्यालय छात्रों से अनावश्यक शुल्क वसूली करता है या निर्धारित पुस्तकों के स्थान पर अन्य महंगी किताबें थोपता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### स्कूलों का हुआ औचक निरीक्षण

बैठक से पूर्व आयोग के सदस्यों ने जिले के दो प्रमुख निजी विद्यालयों, होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल और जानकीदास कपूर पब्लिक स्कूल का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि केवल एनसीईआरटी की पुस्तकें ही लगाई जाएं। साथ ही यह भी कहा गया कि स्कूल यूनिफॉर्म बार-बार न बदली जाए, ताकि अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। आयोग के सदस्यों ने विद्यालय प्रबंधन को आगाह किया कि यदि निर्देशों की अवहेलना की गई तो संबंधित स्कूल के खिलाफ विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी।

## सांदल कलां में चलो गांव की ओर कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**



- यमुनानगर में बाबा साहब की जयंती पर कार्यक्रम में पहुंचने की अपील

गन्नौर विधानसभा के गांव सांदल कलां में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के निर्देशानुसार चलो गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके पश्चात उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और 14 अप्रैल को यमुनानगर में बाबा साहब की जयंती पर आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। इस समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी, सरपंच बलबीर सिंह, पूर्व सरपंच राकेश कुमार, जरनेल सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अंशिका, सई और मनस्विता की टीम वाद-विवाद प्रतियोगिता में अव्वल

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल की छात्रा अंशिका, सई और मनस्विता की टीम ने एक निजी कॉलेज में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 11 अप्रैल को आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही बिजनेस प्लान आइडिया में स्कूल की टीम द्वितीय रही। टीम की सफलता का श्रेय उनकी कड़ी तैयारी, आत्मविश्वास और आलोचनात्मक रूप से सोचने की क्षमता को दिया जा सकता है। उन्होंने एक सुसंगत और अच्छी तरह से संरचित तर्क प्रस्तुत किया, जिसमें विषय पर उनकी महारत और अपने विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने की उनकी क्षमता का प्रदर्शन किया गया। जजों ने उनकी स्पष्टता, सुसंगतता और प्रेरक शक्ति की प्रशंसा की।

PARAS CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
Paras CA Foundation RESULT 80% to 90%
Admission OPEN FOR CA Foundation Sept. 25
350 DRISHTI
344 MANAN
339 DARSHIL
Batches Start 21st April 25
Book your seat now
Near City Mall, Sonipat
Call : 9149112716
7015755714